आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

पीएम–एमपी स्वदेशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि त्योहारों का मौसम स्वदेशी मंत्र को साबित करने का भी समय है। कल मध्य प्रदेश के धार में कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद उन्होंने नागरिकों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि वे जो कुछ भी खरीदें या बेचें वह भारत में निर्मित होना चाहिए।

जीएसटी सुधार – कपड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से वस्तु और सेवा कर– जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करते हुए तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी जिससे लोगों को फायदा मिलेगा। आज हम कपड़ा क्षेत्र पर एक नज़र डाल रहे हैं।

भाजपा सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को देश भर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न विषयों पर अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज भाजपा शिमला के कालीबाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाएगी, जिसका शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल करेंगे।

सेवा पर्व

आज के भारत में खेती अब सिर्फ़ अनाज तक ही सीमित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि का विस्तार संबद्ध क्षेत्रों में भी हो रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों के लिए आय और लचीलेपन के नए स्रोत खुल रहे हैं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सरकार सभी किसानों को देश की विकास योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है।

भारत फलों, सब्जियों और मसालों के शीर्ष उत्पादक देशों में शामिल है। यह दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश भी है, जहाँ गाँवों में डेयरी समृद्धि का माध्यम बनकर उभर रही है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाएँ देशी मवेशियों की नस्लों में सुधार ला रही हैं। मत्स्य निर्यात 20 अरब

डॉलर को पार कर गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मत्स्य पालन और जलीय कृषि का आधुनिकीकरण हो रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की लाभार्थी अनीता सिंह ने अपनी सफलता की प्रेरक बातें साझा की।

## बीएसएनएल–समझौता ज्ञापन

डाक विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड–बी एस एन एल ने देश भर में मोबाइल कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए कल नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य डिजिटल जागरूकता को बढावा देना, ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं का विस्तालर करना और डिजिटल इंडिया की भावना को बल देना है। इससे देश के सुदूर इलाकों में दूरसंचार सेवाएं अधिक सुलभ तथा किफायती बनेंगी। इसके अंतर्गत, देश में एक लाख 65 हज़ार से अधिक डाकघरों में बीएसएनएल सिम कार्डों की बिक्री की जायेगी। डाक विभाग बीएसएनएल नेटवर्क के लिए एक महत्वपूर्ण चैनल के रूप में काम करेगा, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसकी उपस्थिति बढ़ेगी।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। जबकि कुछ क्षेत्रों में वर्षा होने का समाचार है। मौसम विभाग ने कुल्लू, मंडी, बिलासपुर, सोलन, शिमला और सिरमौर जिलों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————